# गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय
## गौतम बुद्ध नगर

गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के प्रबन्ध बोर्ड की उनतीसवीं बैठक दिनाँक: 30 सितम्बर, 2021 को प्रातः 11:00 बजे कुलपति, गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में अधोलिखित सदस्यगण उपस्थित हुए:

**शिक्षा सोसाइटी द्वारा नाम निर्दिष्ट सदस्य**

1. **प्रो0 अरूण भगत** **(ऑनलाइन माध्यम से उपस्थित हुए)** .......... सदस्य
   सदस्य बिहार लोक सेवा आयोग, पटना एवं
   प्रोफेसर
   मीडिया अध्ययन विभाग, महात्मा गांधी केन्द्रीय विश्वविद्यालय,
   पंडित दीनदयाल उपाध्याय परिसर
   मोतिहारी – 845401 (बिहार)

**प्राविधिक शिक्षा परिषद् द्वारा नामनिर्देशिती सदस्य;**

2. **प्रो0 विवेक कुमार** **(ऑनलाइन माध्यम से उपस्थित हुए)** .......... सदस्य
   प्रोफेसर
   भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली
   **नई दिल्ली**

**विश्वविद्यालय के आचार्य/अधिष्ठाता/प्रभारी अधिष्ठातागण**

3. **प्रो0 एन.पी मेलकानियाँ** .......... सदस्य
   प्रोफेसर
   अधिष्ठाता शैक्षिक
   अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ वोकेशनल स्टडीज एण्ड एप्लाईड साइंसेज
   गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय।

4. **प्रो0 श्वेता आनन्द** .......... सदस्य
   प्रोफेसर
   अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ मैनेजमेंट
   गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय।

5. **डा0 नीती राणा,** .......... सदस्य
   एसोशिएट प्रोफेसर
   प्रभारी अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ हयुमैनिटीज एण्ड सोशल साइंसेज,
   अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ बुद्धिष्ट स्टडीज एण्ड सिविलाईजेशन
   गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय।

6. **डा0 सीमा द्विवेदी** **(ऑनलाइन माध्यम से उपस्थित हुई)** .......... सदस्य
   एसोशिएट प्रोफेसर
   प्रभारी अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ बायोटैक्नोलोजी
   गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय

7. **डा0 मनमोहन सिंह सिसौदियॉ** ........... सदस्य
इंचार्ज, अधिष्ठाता छात्र कल्याण
गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय।

8. **डा0 कृष्णकांत द्विवेदी** ........... सदस्य
प्रभारी अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ लॉ, जस्टिस एण्ड गवर्नेस
गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय।

9. **प्रो0 प्रदीप कुमार यादव** ........... सदस्य
प्रोफेसर
अधिष्ठाता, शोध एवं नियोजन
अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग

10. **प्रो0 संजय कुमार शर्मा** ........... सदस्य
प्रोफेसर
अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ आई0सी0टी0
गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय।

11. **प्रो0 वन्दना पाण्डेय** ........... सदस्य
प्रोफेसर, स्कूल ऑफ हयुमैनिटीज एण्ड सोशल साइंसेस
गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय।

**औद्योगिक विकास विभाग के प्रतिनिधि**

12. **श्री प्रवीण मिश्र,** ........... सदस्य
अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी
नोएडा औद्योगिक प्राधिकरण
उत्तर प्रदेश शासन।

13. **डा0 विश्वास त्रिपाठी** ........... सचिव
कुलसचिव
गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय।

**जो सदस्य बैठक में उपस्थित नहीं हो सके:**

**शिक्षा सोसाइटी द्वारा नाम निर्दिष्ट सदस्य**

14. **प्रो0 एन0 के0 तनेजा** ........... सदस्य
कुलपति
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय
**मेरठ।**

15. **प्रो0 बीर सिंह** ........... सदस्य
प्रोफेसर, मनोविज्ञान विभाग
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय
**मेरठ।**

:: कार्यवाही का विवरण ::

बोर्ड के मा0 सदस्यों के स्वागत के साथ प्रबन्ध बोर्ड की बैठक आरम्भ हुई।

**29.21.01 प्रबन्ध बोर्ड की अठाईसवीं बैठक के कार्यवृत्त का अनुमोदन।**

विश्वविद्यालय के प्रबन्ध बोर्ड की दिनाँक 08 जुलाई, 2021 को सम्पन्न हुई अठाईसवीं बैठक के कार्यवृत्त को बोर्ड के मा0 सदस्यों द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

**29.21.02 प्रबन्ध बोर्ड की अठाईसवीं बैठक के कार्यवृत्त पर कृत कार्यवाही का विवरण।**

विश्वविद्यालय के प्रबन्ध बोर्ड की दिनाँक 08 जुलाई, 2021 को सम्पन्न हुई अठाईसवीं बैठक के कार्यवृत्त पर कृत कार्यवाही के विवरण को बोर्ड के मा0 सदस्यों द्वारा संज्ञान में लिया गया एवं अनुमोदन प्रदान किया गया।

**29.21.03 राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग, भारत सरकार द्वारा विश्वविद्यालय के रोस्टर के सम्बन्ध में चाही गई सूचना पर चर्चा एवं निर्णय।**

विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग, भारत सरकार द्वारा निर्देशानुसार रोस्टर का निर्धारण किए जाने एवं भविष्य की कार्ययोजना तैयार किये जाने हेतु निम्न प्रारूप अनुसार समिति के गठन को बोर्ड द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | किसी विश्वविद्यालय/उच्च शिक्षण संस्थान में कुलसचिव अथवा समकक्ष पद पर कार्यरत/ सेवानिवृत्त अधिकारी | ..... | **अध्यक्ष** |
| 2. | उप–कुलसचिव, गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय | ..... | सदस्य |
| 3. | एक सदस्य अन्य पिछड़ा वर्ग से | ..... | सदस्य |
| 4. | एक सदस्य अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग से | ..... | सदस्य |

**29.21.04 विश्वविद्यालय में छात्रों की बढ़ती संख्या के दृष्टिगत नये छात्रावासों के निर्माण पर विचार एवं निर्णय।**

बोर्ड के मा0 सदस्यों को अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय के अधिनियम की धारा 7 (छात्रों का निवास) के अनुसार यह विश्वविद्यालय आवासीय श्रेणी का है एवं इस शैक्षिक सत्र में छात्रों की संख्या लगभग 5000 से अधिक होने की सम्भावना है। पिछले शैक्षिक सत्र 2019–20 में भी महिला छात्रावासों में नवप्रवेषित छात्राओं को कक्षों की कमी के चलते आवास आवंटित नहीं हो पाये। अतः उपरोक्त तथ्यों को संज्ञान में लेकर बोर्ड के मा0 सदस्यों के द्वारा निम्नानुसार छात्रावासों के निर्माण हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया:–

1. **छात्राओं हेतु प्रस्तावित नवीन छात्रावास:–** 3 छात्रावास कुल 750 कक्ष
2. **छात्रों हेतु प्रस्तावित नवीन छात्रावास:–** 1 छात्रावास कुल 250 कक्ष

साथ ही छात्रावासों के निमार्ण हेतु धनराशि रू0 150 करोड़ का बजट आवंटन के लिए शासन से आग्रह किया जाने हेतु भी अनुमोदन प्रदान किया गया।

**29.21.05** **CSR (Corporate Social Responsibility) फण्ड से अनुदान प्राप्त करने हेतु कार्य योजना पर चर्चा एवं निर्णय।**

बोर्ड के मा0 सदस्यों को अवगत कराया गया कि इस शैक्षिक सत्र में छात्रों की संख्या 5000 से अधिक होने की सम्भावना है। तद्नुसार नवप्रवेशित छात्रों हेतु अतिरिक्त कक्षा कक्षों, प्रयोगशाला उपकरणों एवं छात्रावास के निर्माण एवं प्राप्ति हेतु आवश्यक धन की व्यवस्था करने के लिए विश्वविद्याल CSR (Corporate Social Responsibility) फण्ड के अंतर्गत सहायता प्राप्त करना चाहता है।

बोर्ड के मा0 सदस्यों के द्वारा विश्वविद्यालय में CSR (Corporate Social Responsibility) फण्ड प्राप्त किये जाने के लिए एवं इस हेतु विस्तृत कार्य योजना बनाने के लिए समिति के गठन हेतु सक्षम अधिकृति को अधिकृत किया गया।

**29.21.06** **विश्वविद्यालय के विभिन्न स्कूलों के नये कक्षा कक्ष के निर्माण पर विचार एवं निर्णय।**

बोर्ड के मा0 स्दस्यों को अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय के विभिन्न स्कूलों में शैक्षिक सत्र 2017 से 2020 तक के छात्रों की संख्या 4738 है एवं इस शैक्षिक सत्र में नवप्रवेशित छात्रों की संख्या लगभग 1250 है। जिसके अनुसार विश्वविद्यालय में कुल छात्रों की संख्या 5000 से अधिक होने की सम्भावना है। प्रतिवर्ष छात्रों की संख्या में वृद्धि के दृष्टिगत विश्वविद्यालय में छात्रों के अध्ययन हेतु नये कक्षा कक्षों, प्रयोगशालाओं एवं फर्नीचर आदि के निमार्ण एवं क्रय की आवश्यता है। इन समस्त आवश्यकताओं को किस प्रकार पूर्ण किया जाये इस हेतु कार्य योजना बनाने के लिए बोर्ड द्वारा निम्नानुसार त्रि सदस्यीय समिति को गठन को अनुमोदन प्रदान किया गया।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | अधिष्ठाता शैक्षिक, गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय | अध्यक्ष |
| 2. | अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय | सदस्य |
| 3. | निदेशक (कार्य), गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय | सदस्य |

**29.21.07** **शिक्षकों के विनियमितिकरण हेतु गठित समिति की संस्तुतियों की प्राप्ति एवं उस पर अग्रेतर कार्यवाही हेतु शासन से अनुमति हेतु किए गये आग्रह से बोर्ड को अवगत कराना।**

बोर्ड के मा0 सदस्यों को अवगत कराया गया कि दिनाँक 08 जुलाई 2021 को सम्पन्न हुई अठाईसवीं बैठक के मद संख्या 28.21.08 पर प्रस्तावित प्रस्ताव पर चर्चा कर बोर्ड द्वारा विश्वविद्यालय के अध्यादेश की धारा 17 में की गई वर्णित व्यवस्था के क्रम में संविदात्मक संकाय सदस्य के विनियमतिकरण हेतु अग्रेतर कार्यवाही सुनिश्चित किये जाने के लिए त्रि सदस्यीय समिति का गठन किया गया था। वर्तमान में गठित त्रि सदस्यीय समिति के द्वारा अपनी संस्तुति उपलब्ध करा दी गई है तथा पत्रांक संख्या जी0बी0यू0–001 / वी0सी0 / 02 / 2021–3124 दिनाँक 31 अगस्त, 2021 के माध्यम से उपरोक्त तथ्य शासन के संज्ञानार्थ एवं विश्वविद्यालय के औद्योगिक विभाग से उच्च शिक्षा विभाग में अन्तरण की प्रक्रिया के चलते, इस सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश हेतु प्रेषित किया गया है तथा इस सम्बन्ध में शासन से लिखित अनुमोदनोपरान्त अग्रेतर कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

**29.21.08** **रिसर्च/फैकल्टी एसोसिएट के पदनाम परिवर्तन सम्बन्धी प्रबन्ध बोर्ड के निर्णय पर अग्रेतर कार्यवाही हेतु शासन से अनुमति हेतु किए गये आग्रह से बोर्ड को अवगत कराना।**

बोर्ड के मा0 सदस्यों को अवगत कराया गया कि दिनाँक 08 जुलाई 2021 को सम्पन्न हुई अठाईसवीं बैठक के मद संख्या 28.21.06 पर बोर्ड द्वारा विश्वविद्यालय में कार्यरत रिसर्च/फैकल्टी एसोसिएट के शैक्षिक भविष्य एवं विश्वविद्यालय के व्यापक हित में कार्ययोजना हेतु गठित समिति की संस्तुतियों पर विचार कर रिसर्च/फैकल्टी एसोसिएट के पदनाम परिवर्तन किये जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया था। बोर्ड से अनुमोदनोपरान्त पत्रांक संख्या जी0बी0यू0–001/वी0सी0/02/2021– 3125 दिनाँक 31 अगस्त, 2021 के माध्यम से उपरोक्त तथ्य शासन के संज्ञानार्थ एवं इस सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश हेतु प्रषित किया गया है। शासन से अनुमोदनोपरान्त ही इस सम्बन्ध में अग्रेत्तर कार्यवाही की जायेगी।

**29.21.09** **अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य विषयों पर विचारः**

**29.21.09 (1)** **श्री सतीश नारायण तिवारी, उप कुलसचिव को विश्वविद्यालय की सेवाओं से कार्यमुक्त किये जाने के सम्बन्ध मे बोर्ड के मा0 सदस्यों को अवगत कराना।**

बोर्ड के मा0 सदस्यों को अवगत कराया गया कि श्री सतीश नारायण तिवारी, उप कुलसचिव का परिवीक्षा (Probation) अवधि के दौरान कार्य असंतोषजनक पाये जाने के कारण उन्हें विश्वविद्यालय की सेवाओं से कार्यमुक्त कर दिया गया है।

अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

(डा0 विश्वास त्रिपाठी)
सचिव, प्रबन्ध बोर्ड
एवं
कुलसचिव
गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय

(प्रो0 भगवती प्रकाश शर्मा)
अध्यक्ष, प्रबन्ध बोर्ड
एवं
कुलपति
गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय